भारत सरकार

रेल मंत्रालय

राज्य सभा

21.07.2023 के

अतारांकित प्रश्न सं. 314 का उत्तर

इंटरलॉकिंग सिग्नल प्रणाली में खामियां

314. श्री राम नाथ ठाकुर:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान रेलवे की इंटरलॉकिंग सिग्नल प्रणाली में कितनी बार खामियां पाई गई हैं, तत्संबंधी जोन-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) इन खामियों को दूर करने के लिए उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या यह सच है कि रेलवे की इंटरलॉकिंग सिग्नल प्रणाली में खामियों के बारे में विशेषज्ञों द्वारा चेतावनी दिए जाने के बाद भी रेलवे द्वारा उचित कदम नहीं उठाए गए जिसके परिणामस्वरूप बालासोर जैसी रेल दुर्घटना हुई?

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क): पिछले 5 वर्षों में, इंटरलॉकिंग सिग्नल प्रणाली में कोई खराबी सामने नहीं आई है।

(ख): प्रश्न नहीं उठता।

(ग): किसी भी विशेषज्ञ द्वारा रेलवे की इंटरलॉकिंग सिगनल प्रणाली में किसी भी प्रकार की चूक या खामी का उल्लेख नहीं किया गया है।

******